आज का सुविचार

व्यक्ति अकेले पैदा होता है और अकेले मर जाता है।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS

जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है.. संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 59 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 21 मार्च 2025 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## अगर पुलिस FIR दर्ज करने से मना करे तब पीड़ित व्यक्ति कहा शिकायत कर सकते हैं जानिए।

जब कोई व्यक्ति संज्ञेय अपराध से पीड़ित हैं और वह इस अपराध की शिकायत नजदीक पुलिस थाने में करने जाता है पर पुलिस थाना प्रभारी उसकी शिकायत को पर्याप्त साक्ष्य होने के बाद भी संज्ञान नहीं लेता है एवं एफआईआर दर्ज नहीं करता है तब पीड़ित व्यक्ति कहा अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं जानिए।



युवा प्रदेश समाचार पत्र

- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

### (1) पुलिस अधीक्षक (SP) या उच्च अधिकारियों से शिकायत करें:-

BNSS की धारा 173 (4) के तहत, यदि थाना प्रभारी FIR दर्ज नहीं करता, तो पीड़ित व्यक्ति पुलिस अधीक्षक (SP) या उप-महानिरीक्षक (DIG) को लिखित शिकायत दे सकता है।

SP को मामला सही लगने पर FIR दर्ज करने और जांच के आदेश देने की शक्ति होती है।

**नोट-** अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्यों की एफआईआर थाना प्रभारी दर्ज नहीं करता है तब वह राज्य अनुसूचित जाति आयोग एवं जनजाति आयोग में आपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

### (2) मजिस्ट्रेट के समक्ष अर्जी दाखिल करें:-

अगर पुलिस FIR दर्ज नहीं कर रही है, तो पीड़ित न्यायिक मजिस्ट्रेट (Judicial Magistrate) की अदालत में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 175 (3) के तहत आवेदन कर सकता है जिसे परिवाद भी कहते हैं। मजिस्ट्रेट पुलिस को FIR दर्ज करने का आदेश दे सकता है।

### (3) हाईकोर्ट में रिट पेटीशन दाखिल करें-

अगर स्थानीय पुलिस और मजिस्ट्रेट से न्याय नहीं मिलता, तो संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हाईकोर्ट में रिट पेटीशन दाखिल कर सकते हैं। हाईकोर्ट पुलिस को FIR दर्ज करने और जांच करने का निर्देश दे सकता है।

### (4) मानवाधिकार आयोग या लोकपाल में शिकायत करें-

अगर पुलिस जानबूझकर FIR दर्ज नहीं कर रही है और पीड़ित के साथ अन्याय हो रहा है, तो राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC), राज्य मानवाधिकार आयोग, लोकपाल या पुलिस शिकायत प्राधिकरण में शिकायत की जा सकती है।

------------------

## विवाह के बाद बेटी का पिता की संपत्ति पर अधिकार जानिए ।

हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 (Hindu Succession Act, 1956) में 2005 के संशोधन के बाद, बेटियों को बेटों के समान अधिकार प्राप्त हुए। इस संशोधन के अनुसार बेटी को पिता की पैतृक संपत्ति में जन्म से ही समान अधिकार प्राप्त होता है।

### विवाह के बाद भी वह अपने हक से वंचित नहीं होगी-

यदि पिता का कोई बेटा न हो, तो बेटी को पूरी संपत्ति का अधिकार मिल सकता है।

**उदाहरण अनुसार-** रामलाल की दो संतानें हैं- एक बेटा (राजेश) और एक बेटी (सीमा)। उनके पास पुश्तैनी (पैतृक) संपत्ति है, जो कई पीढ़ियों से चली आ रही है, संपत्ति पैतृक है, सीमा को विवाह के बाद भी उसका बराबर का अधिकार मिलेगा।

1. पैतृक संपत्ति में बेटी का विवाह के बाद भी पूरा अधिकार होता है।
2. स्वयं अर्जित संपत्ति पर पिता की इच्छा मान्य होती है।
3. अगर पिता की मृत्यु बिना वसीयत के होती है, तो बेटी को भी उत्तराधिकारी माना जाएगा।

**महत्वपूर्ण न्यायिक निर्णय:**

प्रकाश बनाम फूलवती (2016) सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2005 के संशोधन के अनुसार, यदि पिता की मृत्यु 2005 के बाद होती है, तो बेटी को पैतृक संपत्ति में पूरा अधिकार मिलेगा।

**दनम्मा बनाम अमर (2018)-** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भले ही बेटी का जन्म 2005 से पहले हुआ हो, लेकिन अगर पिता जीवित थे, तो बेटी को संपत्ति का अधिकार मिलेगा।

**-लेखक एडवोकेट बीआर अहिरवार नर्मदापुरम**

# सबके जीवन में खुशहाली लाना ही हमारा मूल लक्ष्यः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- राज्य आनंद संस्थान एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के बीच हुआ एम.ओ.यू.
- मुख्यमंत्री ने सभी के जीवन में आनंद की कामना की



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सुख और दुःख मनुष्य के जीवन से उसी तरह जुड़े हैं, जैसे दिन के बाद रात। सुख-दुख जीवन के अभिन्न अंग हैं। लोक कल्याणकारी राज्य का प्रथम कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों के जीवन में खुशहाली लेकर आये। हमारी सरकार इसी दिशा में कार्य कर रही है। सबका कल्याण ही हमारा मूल लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि त्याग, तप, साधना, बलिदान, असंचय, अपरिग्रह और निस्वार्थ सेवा भाव से मन की शांति ही सुख है। प्रकृति के सानिध्य में जब मन, परमात्मा के भावों में लीन हो जाता है, तब ही तादात्म्य ही सच्चा सुखानंद प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आनंद विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल हैप्पीनेस कार्यशाला को संबोधित करते हुए ये विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि लाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि प्रदेश के सभी नागरिकों के जीवन में उल्लास भरने के लिए हमारी सरकार जी-जान से जुटी है। कार्यक्रम में म.प्र. जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) डॉ. मोहन नागर, श्री रामकृष्ण मिशन, बेलूर मठ, कोलकाता से आए स्वामी श्री समर्पणानन्द जी, पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश अरोड़ा, आईआईएम इंदौर के पूर्व निदेशक डॉ. एन. रविचन्द्रन, प्रमुख सचिव, आनंद विभाग श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, राज्य आनंद संस्थान के सीईओ श्री आशीष कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में सुधिजन एवं आनंदक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के हर नागरिक के जीवन में हर्ष, आनंद और खुशहाली लाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के हर वर्ग को लाभान्वित कर रही है। नागरिकों के जीवन में खुशहाली और संतोष ही हमारी सबसे बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि कष्ट सहकर भी जीवन देने का सुख पाये, वो है माता और साधक बनकर भी जीवन का असीम सुख पाये वो है सन्यासी। कष्ट में भी सुख है, इसलिए जीवन का मर्म समझिए कि परमात्मा ने हम सबको आनंद में जीवन जीने के लिए इस धरा पर भेजा है, इसलिए जीवन को आनंदमय होकर ही जियें।

## अंग्रेजी ओलंपियाड का आयोजन आज से भोपाल में शुरू

**प्रदेश में 14 लाख 60 हजार विद्यार्थियों ने की सहभागिता**

**भोपाल।** भोपाल में 20 मार्च से राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान में प्रारंभ हुआ। पहले दिन कक्षा दो और तीन के विद्यार्थियों का शिक्षकों द्वारा मौखिक टेस्ट लिया गया। इसके साथ ही कक्षा 4 से 8 के विद्यार्थियों का लिखित टेस्ट लिया गया। स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र के द्वारा अंग्रेजी पर केन्द्रित विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई। इन प्रतियोगिताओं में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर सहभागिता की। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले विद्यार्थी शाला स्तर, संकुल स्तर, विकासखण्ड स्तर और जिला स्तर तक प्रतियोगिताओं के विजेता बनने के बाद यहॉं तक पहुँचे हैं। राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड में कक्षा 2 से 8 तक के लगभग 14 लाख 60 हजार विद्यार्थी ने भाग लिया था। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को मुंबई में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

**पुरस्कार वितरणः** राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड (वर्ल्ड पॉवर चेम्पियनशिप) का समापन 21 मार्च को दोपहर 3:30 बजे भोपाल के इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन पीजीबीटी परिसर में होगा। पुरस्कार वितरण संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह करेंगे।

## गेहूं भूसा परिवहन पर प्रतिबंध, आदेश जारी हुआ

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री रौशन कुमार सिंह ने ग्रीष्म ऋतु में हरे चारे घास की कमी को दृष्टिगत रखते हुए गौवंश के उपयोग एवं जिले में संचालित गौशालाओं में भूसे की आपूर्ति के लिए केवल गेहूं भूसा को जिले की सीमा से बाहर निर्यात या परिवहन किया जाना प्रतिबंधित किया गया है उक्त आदेश आगामी दो माह की अवधि के लिए प्रभावशील रहेगा। यह आदेश किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक के प्रस्ताव से सहमत होकर जारी किया गया है। उक्त आदेश मात्र गेहूं भूसा निर्यात को प्रतिबंधित किया गया है। चना, मसूर, तेवडा आदि का भूसा तथा ज्वार एवं धान के डंठल के निर्यात या परिवहन प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। जारी आदेश में उल्लेख है कि जिले के कृषकों द्वारा फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों में आग लगाई जाकर नष्ट कर दिया जाता है। जिसके परिणामस्वरूप आगजनी की घटनाएं तो घटित होती ही है, पशु चारे की कमी भी निर्मित होती है, उक्त कारणों से जिले में नरवाई को जलाया जाना प्रतिबंधित किया गया है। प्रतिबंध उपरांत फसल कटाई के अवशेषो (नरवाई) से (गोवंश) के उपयोग हेतु भूसा बनाया जाकर संधारित किया जाना आवश्यक है। वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ हो गई है, तथा जिले में जानवरो के खाने के लिए हरे घास की कमी हो जाएगी। जिले में फसल कटाई हेतु कम्बाईन हॉर्वेस्टर के साथ स्ट्रा रीपर के उपयोग यानि स्ट्रॉ मेनेजमेन्ट सिस्टम (एसएमएस) को भी अनिवार्य किया गया है।

**पर्यटन बढ़ाने में हवाई यातायात बेहद जरूरी, इसलिए एयर कनेक्टिविटी बढ़ाएं - मुख्यमंत्री डॉ. यादव**

## प्रदेश को क्षेत्रीय विमानन केंद्र बनाने के लिए करें प्रयास

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में पर्यटन को नए आयाम प्रदान करने के लिए सहज हवाई यातायात (एयर कनेक्टिविटी) एक बुनियादी जरूरत है। हरसंभव तरीके से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाएं, ताकि पर्यटक मध्यप्रदेश आकर यहां की समृद्ध ऐतिहासिक विरासतों का आसानी से अवलोकन कर सकें। इसके लिए आपसी सामंजस्य बेहद जरूरी है। विमानन विभाग, संस्कृति, पर्यटन और चिकित्सा विभाग के साथ मिलकर एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में प्रयास करे। सरकार मध्यप्रदेश को क्षेत्रीय विमानन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए हर जरूरी सुविधा और मदद मुहैया कराएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में विमानन विभाग की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वीवीआईपी और वीआईपी मूवमेंट के दौरान यातायात रोकने से जनसामान्य को परेशानी होती है। इसलिए इस कठिनाई के स्थायी निदान के लिए मंत्रालय (वल्लभ भवन) और मुख्यमंत्री निवास के समीप ही नए हेलीपैड का निर्माण किया जाए। इससे समय की बचत भी होगी और सबकी कठिनाई भी दूर होगी। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव विमानन श्री संजय कुमार शुक्ला, आयुक्त विमानन श्री चंद्रमौली शुक्ला, उपसचिव डॉ. कैलाश बुंदेला, श्री दिनेश सोनकेसरिया, कैप्टन श्री विश्वास राय सहित विमानन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में धार्मिक पर्यटन, मेडिकल टूरिज्म, सांस्कृतिक पर्यटन और जनजातीय संस्कृति से जुड़ाव के लिए होम स्टे प्रोत्साहन के रूप में सेल्फ फीलिंग/हीलिंग टूरिज्म की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को विमानन क्षेत्र में नए रोजगार सृजन की संभावनाओं के अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने और युवाओं के कौशल विकास के लिए पायलट-क्रू मेंबर्स के प्रशिक्षण संस्थानों में रोजगारपरक डिप्लोमा एवं डिग्री कोर्सेस चलाने के निर्देश दिए।




तेरे होने के निशान हैं मेरे इस जहान में
हर दम तेरे वजूद ने चलना सिखाया हैं

गुलामी की कीचड़ से निकालकर।
हुकूमत की कुर्सी तक ले जाने वाले।

महान समाज सुधारक और भारतीय राजनीतिक क्रांति के अग्रदूत व दलित , वंचित , शोषित समाज के अधिकारों के लिए हमेशा लड़ते रहने वाले मान्यवर कांशीराम साहब जी की जयंती की हार्दिक बधाई शुभकामनाएँ ।

# कोतमा पुलिस द्वारा हत्या के मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपी को किया 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार



**अनूप कुमार ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर/ कोतमा। थाना कोतमा अंतर्गत 14 मार्च को गणेश प्रसाद पाण्डेय पिता स्व. भोला प्रसाद पाण्डेय उम्र 41 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 05 कोतमा के व्दारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 मार्च को करीबन 5.00 बजे शाम को बंजारा तिराहा अपने पान ठेला में था उसी समय बुढानपुर का अमृत लाल प्रजापति पान ठेला में आया और मेरे से पान मांगा तो मैने कहा मेरे पास पान नही है अमृतलाल प्रजापति के द्वारा गाली गुप्तार कर बोलने लगा कि पान ठेला खोला है और पान नही रखा है कह कर मां, बहन की गंदी गंदी गाली गलौज करते हुये देख लेने की धमकी देकर दूबारा अपने अन्य 05 साथियो के साथ दो मोटर सायकल में लाठी (राफ्टर) ,डण्डा लेकर आये और मुझे व विक्की केवट को मारपीट कर गंभीर चोंट पहुँचाये है रिपोर्ट पर अपराध क्र. 98/25 धारा 296, 115(2), 117(2), 351(3),3(5) बी एन एस कायम कर आह्तो का मेडिकल कराया गया आह्त विक्की को गंभीर चोंट होने से रेफर किया गया था। मामला गंभीर होने से पुलिस अधीक्षक मोतीउर्र रहमान के मार्गदर्शन में टीम गठित कर आरोपियों की धड़पकड़ के हर सम्भव प्रयास किया गया इसी बीच 15 मार्च को आह्त विक्की केवट ईलाज के दौरान शहडोल अस्पताल में मृत्यु होने पर मामले में धारा 109,103 बी एन एस का ईजाफा किया गया आह्त की मृत्यु होने से परिवार जन बंजारा तिराहा कोतमा में आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हेतु विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें अति. पुलिस अधीक्षक महोदय इसरार मंसूरी के द्वारा मौके से उपस्थित होकर परिवारजन को दो दिन के अंदर आरोपियों के गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया । पुलिस अधीक्षक महोदय मोतीउर्र रहमान के मार्गदर्शन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक महोदय इसरार मंसूरी ,एस.डी.ओ.पी. कोतमा आरती शाक्य के निर्देशन में थाना कोतमा प्रभारी सुन्द्रेश सिंह के नेतृत्व में 03 अलग अलग टीम गठित कर आरोपियों की धड़पकड़ हेतु संभावित स्थानो में लगातार दबिश देकर 24 घण्टे के अंदर में मामले के मुख्य आरोपी अमृतलाल प्रजापति पिता पूरन प्रजापति उम्र 32 साल निवासी बुढानपुर एवं इसके दो साथी दिलीप प्रजापति पिता स्व. चेतराम प्रजापति उम्र 22 साल ,सुनील उर्फ गोलू प्रजापति पिता तीरथ प्रजापति उम्र 22 साल दोनो निवासी बुढानपुर को गोरेल्ला, छ.ग. से दस्तयाब कर आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं आलाजरब जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया । मामले के 03 फरार आरोपी जितेन्द्र प्रजापति ,शिवा उर्फ सूर्यकांत प्रजापति एवं सागर प्रजापति की गिरफ्तारी के लिये संभावित स्थानो पर टीम व्दारा लगातार दबिस दी जा रही है और सूर्यास्त के पूर्व तीनो आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार भी कर लिया जायेगा ।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. सुन्द्रेश सिंह,उप निरी. दशरथ बागरी ,उप निरी. अकबर खान ,सउनि सुरेश कुमार अहिरवार ,सउनि विनय सिंह परिहार ,सउनि बृजेश कुमार पाण्डेय ,प्र.आर. संजीव त्रिपाठी ,प्र.आर. दिनेश राठौर ,प्र.आर. सपन नामदेव ,प्र.आर. कपिल उईके ,विवेक त्रिपाठी आरक्षक अभय त्रिपाठी ,नरेन्द्र खवादे ,महेश साहू ,शुभम तिवारी ,संजय व्दिवेदी ,जितेन्द्र मंडलोई ,अजय तोमर ,चक्रधर तिवारी ,आरक्षक चालक अनिल मरावी एवं सायबर सेल प्र.आर. राजेन्द्र अहिरवार ,पंकज मिश्रा ,राजेन्द्र केवट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# डिजिटल धोखाधड़ी के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग रोकने व्हाट्सएप और दूरसंचार विभाग ने मिलाया हाथ

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने ऑनलाइन घोटालों और स्पैम के खिलाफ़ मेटा के सुरक्षा अभियान 'स्कैम से बचाओ' को आगे बढ़ाने के लिए व्हाट्सएप के साथ सहयोग किया है। सहयोग के हिस्से के रूप में, दूर संचार विभाग और व्हाट्सएप डिजिटल सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने के प्रयास में संदिग्ध धोखाधड़ी संचार की पहचान करने और रिपोर्ट करने के बारे में नागरिकों को शिक्षित करने के लिए मिलकर काम करेंगे। दूरसंचार विभाग ने साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी में दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए कई पहल की हैं। पोर्टल https://sancharsaathi.gov.in और





मोबाइल ऐप के रूप में नागरिक केंद्रित संचार साथी पहल विकसित की गई है, ताकि नागरिकों को संदिग्ध धोखाधड़ी कॉल या संदेशों की रिपोर्ट करने, उनके मोबाइल कनेक्शन की जानकारी प्राप्त करने और अन्य सुविधाओं के अलावा खोए,चोरी हुए मोबाइल हैंडसेट को ब्लॉक और ट्रेस करने में सक्षम बनाया जा सके। दूरसंचार विभाग का डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी) दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग और उसके बाद की कार्रवाई के बारे में बैंकों, एलईए जैसे 550 हितधारकों के साथ द्विदिश डिजिटल खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान करता है। डिजिटल सुरक्षा और जमीनी स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम के रूप में, इस पहल में दूरसंचार विभाग के अधिकारियों, संचार मित्रों, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) और क्षेत्रीय इकाइयों के लिए प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने वाली कार्यशालाएं शामिल होंगी। मेटा के मुख्य वैश्विक मामले अधिकारी जोएल कपलान ने केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिले और दूरसंचार विभाग तथा मेटा के बीच चल रहे सहयोग की प्रभावशीलता पर चर्चा की। व्हाट्सएप दूरसंचार विभाग की डिजिटल इंटेलिजेंस यूनिट के साथ सहयोग कर रहा है और साइबर अपराध तथा वित्तीय धोखाधड़ी के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग पर सक्रिय कार्रवाई के लिए डीआईपी के माध्यम से उपलब्ध कराई गई जानकारी का उपयोग कर रहा है।

इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ने कहा जैसे-जैसे भारत डिजिटल कायाकल्प के पथ पर आगे बढ़ रहा है, हमारे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। व्हाट्सएप की विशाल डिजिटल पहुंच का उपयोग करके, हम यह सुनिश्चित करने के प्रयासों को मजबूत कर रहे हैं कि हमारा डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र सभी के लिए सुरक्षित और लचीला बना रहे। मेटा के मुख्य वैश्विक मामले अधिकारी जोएल कपलान ने कहा लोगों को धोखाधड़ी और ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार होने से रोकने का सबसे अच्छा तरीका यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें पता हो कि किन बातों पर ध्यान देना है और सुरक्षित रहने के लिए वे क्या कर सकते हैं। यही कारण है कि मेटा तकनीक और संसाधनों में बहुत अधिक निवेश करता है ताकि धोखेबाजों से आगे रहने और लोगों को उनकी ज़रूरत की जानकारी देने की कोशिश की जा सके। दूरसंचार विभाग के साथ काम करके, हम अपनी तकनीकी विशेषज्ञता को नागरिक सुरक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के साथ जोड़ सकते हैं और भारतीयों को सुरक्षित रहने के लिए ज़रूरी जानकारी देने में मदद कर सकते हैं। व्हाट्सएप डीओटी के साथ मिलकर सूचनात्मक संपत्ति भी विकसित करेगा ताकि उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन घोटाले और स्पैम की पहचान करने और रिपोर्ट करने के तरीके के बारे में शिक्षित किया जा सके। इनमें संचार साथी पर उपलब्ध विभिन्न प्रकार की धोखाधड़ी, चेतावनी संकेत और रिपोर्टिंग तंत्र शामिल होंगे। सभी उपयोगकर्ता सुरक्षा सामग्रियों का अनुवाद क्षेत्रीय भाषाओं में किया जाएगा, जिसमें हिंदी, बांग्ला, मराठी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और गुजराती शामिल हैं ताकि पहुँच को अधिकतम किया जा सके।इस साझेदारी का उद्देश्य प्रशिक्षण कार्यशालाओं और नागरिक जागरूकता अभियानों के माध्यम से डिजिटल सुरक्षा को बढ़ाना है।

# ग्राहक पंचायत द्वारा होली मिलन कार्यक्रम संपन्न

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**



मध्यप्रदेश/शहडोल - अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत शहडोल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा श्री शारदेंदु तिवारी जी , पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी, अखिल भारतीय ग्राहक के प्रांत उपाध्यक्ष श्री अजय मिश्रा जी, प्रांत कार्य समिति सदस्य श्री मुकेश तिवारी जी , श्री संतोष लोहनी जी, श्री प्रियम त्रिपाठी जी रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के आसंदी से बोलते हुए श्री अजय मिश्रा ने कहा ग्राहक पंचायत एक उपभोक्ता संगठन है,इसका मकसद ग्राहक को शोषण मुक्त बनाना है इसकी स्थापना 1974 मे हुई, 1986 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करवाना ग्राहक पंचायत की सबसे बड़ी उपलब्धि है, कार्यक्रम में श्री शारदेंदु तिवारी जी तथा श्रीमती अमिता चपरा जी ने सभी कार्यकर्ताओं को होली की शुभकामनाएं प्रेषित की इस कार्यक्रम में ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ता अनंत पांडे, अजय धारिय, अमन तिवारी, अनुराग यादव, पुष्कर महाजन, चंचल पांडे,कामता शर्मा, अर्जुन सोनी, लखन अवस्थि, बाल्मीकि द्विवेदी, सीताराम साहू, अजय मिश्रा, यशवंत पांडे, जयप्रकाश गर्ग, नरेंद्र दुबे, रवि करण त्रिपाठी, रत्न भूषण शुक्ला, शिवेन्द्र सिंह, प्रशांत नापित , रवेंद्र शुक्ला, अमित अहिरवार, विक्रम सिंह, विकास सिंह तथा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए सरकार ने उठाया कदम वन विहार राष्ट्रीय उद्यान की सौ मीटर सीमा ईको सेंसेटिव जोन घोषित

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश



मध्य प्रदेश सरकार ने वन्यजीवों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन विहार राष्टीय उद्यान की सीमा से सौ मीटर के दायरे को ईको सेंसेटिव जोन घोषित किया है। यह निर्णय वन्यजीवों की सुरक्षा और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के उद्देश्य से लिया गया है। पिछले 15 दिनों में राजस्व विभाग और वन विभाग की एक संयुक्त समिति ने वन विहार की सीमा का सीमांकन किया। इस प्रक्रिया के दौरान, स्थानीय निवासियों से कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कदम वन्य प्राणियों को सुरक्षित रखने और समाज के सभी लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से अपना काम करने देने के सरकार के लक्ष्य के अनुरूप है। इस क्षेत्र में आने वाले तीन गांवों, प्रेमपुरा, आमखेड़ा और धरमपुरा का सीमांकन किया गया है। धरमपुरा में जलभराव के कारण सांकेतिक सीमांकन किया गया है, जबकि अन्य क्षेत्रों में पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए सीमांकन किया गया है। सरकार का यह निर्णय वन विहार के वन्यजीवों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और आसपास के क्षेत्रों में पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में मदद करेगा।

# अद्भुत! ऐतिहासिक पल अंतरिक्ष से नौं महीने बाद धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश

सूत्र नासा की जानी-मानी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विलमोर 9 महीने के अंतरिक्ष मिशन के बाद सुरक्षित धरती पर लौट आए। स्पेसएक्स का ड्रैगन फ्रीडम कैप्सूल उन्हें अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से लेकर आया और फ्लोरिडा के समुद्र में सफलतापूर्वक स्प्लैशडाउन किया। कैप्सूल में सुनीता और बुच के अलावा दो अन्य अंतरिक्ष यात्री भी सवार थे। बुधवार 19 मार्च सुबह 3-27 बजे यह ड्रैगन कैप्सूल अमेरिका के फ्लोरिडा तट के पास समुद्र में उतरा। चार पैराशूट की मदद से कैप्सूल की स्पीड धीमी हुई और यह सुरक्षित लैंड हुआ।नासा की टीम ने तुरंत एक्शन लेते हुए रिकवरी वेसल से कैप्सूल को जहाज पर चढ़ाया, और जैसे ही दरवाजा खुला, सभी चारों अंतरिक्ष यात्रियों को बाहर निकाला गया।अद्भुत! ऐतिहासिक लम्हा! पूरी दुनिया देख रही थी इस सफल वापसी को।



# क्राइम ब्रांच का अवैध शराब के खिलाफ शिकंजा अवैध शराब के दो बड़े जखीरे जब्त करके दो आरोपी गिरफ्तार किये

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश





सूचना मिली कि एक व्यक्ति मानसरोवर काम्पलेक्स के बगल में देशी, अंग्रेजी शराब बेच रहा है सूचना पर स्टाफ साथ के उस स्थान पर जाकर देखा तो एक व्यक्ति बैठा दिखा जिसे घेराबंदी कर पकडा गया उसके बारे में जानकारी ली गई उसकी उम्र 28 साल निवासी सरगम टॉकीज के सामने शांती नगर एमपी नगर भोपाल का रहने वाला था उससे पूछताछ करने पर कमरे में शराब रखी होना स्वीकार किया शराब रखने का वैध लाइसेन्स भी उसके पास नहीं था। कमरे की तलाशी लेने पर कई शराब की पेटियाँ कुछ खुली एवं बंद हालत में रखी मिली आरोपी के पास से कुल साढ़े तीन सौ लीटर से अधिक शराब जप्त की गई जिसकी कुल कीमत लगभग 3 लाख 60 हजार थी आरोपी से अवैध शराब के बारे में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि शराब एक अन्य आरोपी की है जो कोलार भोपाल में रहता है, पकड़ा गया आरोपी उसके लिए शराब बेचने की काम करता है । वहीं एक अन्य घटनाक्रम में सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति आंगन वाडी के पास शान्ती नगर जैन मंदिर के पीछे पार्किंग मे अवैध शराब बेच रहा है सूचना पर घटनास्थल पर पहुँचकर अंदर बैठे व्यक्ति को घेराबंदी कर पकडा वह शांती नगर जैन मंदिर के पिछे थाना एमपी नगर भोपाल का निवासी था उसनेर टीन शेड के अंदर शराब रखी होना स्वीकार किया उसके पास भी शराब रखने का वैध लाइसेन्स नही था । टीन शेड के अंदर की तलाशी लेने पर दो तरह शराब की पेटियाँ रखी मिली जिसमें कुल पैंतीस लीटर से अधिक अवैध शराब मिली जिसकी कीमत लगभग 36 हजार रुपए थी आरोपी के विरूध्द अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया । इस प्रकार दो अलग अलग जगह छापेमारी में बड़ी मात्रा में जब्त अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार लगभग 4 लाख रूपये की 385.5 लीटर देशी व विदेशी शराब पकड़ी गई।

# श्रमिकों को न्यूनतम वेतन दर लागू करने भगवा पार्टी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)

अनूपपुर। जिलाध्यक्ष श्रमिक प्रकोष्ठ भारतीय गण वार्ता (भगवा) पार्टी सूरज राठौर के द्वारा आज 19 मार्च को अनूपपुर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। उक्त ज्ञापन में लेख किया गया है कि मध्यप्रदेश शासन,इन्दौर का श्रमायुक्त, पत्र क्र.1/11/अन्वे./पांच/2024/8272-522 इन्दौर दिनांक 06/03/2025 के अनुसार शासकीय दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों/कर्मचारियों हेतु दिनांक 01/10/2024 प्रभाव शील दरें अनुसूची ( क ) के अनुसार अनुसूचित की गई हैं।म.प्र.वित्त संहिता भाग-2 के परिशिष्ठ 6 के नियम 43 के प्रावधानों के अंतर्गत न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों को दिनांक 01.10.2024 से 31.03.2025 के लिये अनुसूची (क) के आधार पर दरें अधिसूचित की जाती हैं।जिसके आधार पर जिला नर्मदापुरम,जिला सिंगरौली,तथा जिला छतरपुर कलेक्टर द्वारा विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत् दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिये परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते सहित मासिक एवं दैनिक वेतन की दरें लागू कर दी गई है।तत्संबंध में भारतीय गण वार्ता (भगवा) पार्टी के द्वारा ज्ञापन के माध्यम से जिला कलेक्टर अनूपपुर से मांग किया गया है कि अन्य जिलों की भांति अनूपपुर जिले के शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों( अकुशल,कुशल,अर्द्धकुशल,उच्चकुशल),कर्मचारियों के लिए परिवर्तनशील महंगाई भत्ते सहित मासिक एवं दैनिक वेतन की दरें लागू की जाए।जिसका लाभ जल्द से जल्द समस्त गरीब शासकीय दैनिक वेतन भोगी कुशल,अकुशल,अर्द्धकुशल,उच्चकुशल सभी श्रेणी के श्रमिकों तथा कर्मचारियों को प्राप्त हो सके।



पंजी क्र: 56/141/2022-23

भारतीय गण वार्ता पार्टी

भगवा पार्टी

राष्ट्रीय कार्यालय फोन : 0755-4058751, मो.: 9893451772,6261335799

शिवाकांत शुक्ला, राष्ट्रीय अध्यक्ष,भोपाल, मो.-9893451772 | कमलेश द्विवेदी, जिला अध्यक्ष,अनूपपुर, मो.-9300685399 | सूरज राठौर, जिला अध्यक्ष श्रमिक प्रकोष्ठ,अनूपपुर, मो.-9589155510

क्रमांक /अनूपपुर/72 — दिनांक 20/03/2025

प्रति,
श्रीमान कलेक्टर महोदय,
जिला अनूपपुर (म.प्र.)

विषय– न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत श्रमिकों(अकुशल,अर्द्धकुशल,कुशल,उच्चकुशल) के लिए 01 अक्टूबर 2024 से न्यूनतम दरें का आदेश जारी करने के संबंध में ज्ञापन।

मान्यवर,

मध्यप्रदेश शासन,इन्दौर का श्रमायुक्त,पत्र क्र.1/11/अन्वे./पांच/2024/8272–522 इन्दौर दिनांक 06.03.2025 के अनुसार शासकीय दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों/कर्मचारियों हेतु दिनांक 01.10.2024 प्रभाव शील दरें "अनुसूची ( क )" के अनुसार अनुसूचित की गई हैं। म.प्र.वित्त संहिता भाग–2 के परिशिष्ठ 6 के नियम 43 के प्रावधानों के अंतर्गत न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों को दिनांक 01.10.2024 से 31.03.2025 के लिये अनुसूची (क) के आधार पर निम्नानुसार दरें अधिसूचित की जाती हैं जिसके आधार पर मध्यप्रदेश के अन्य जिलो के कलेक्टर के द्वारा जिला नर्मदापुरम, जिला सिंगरौली,तथा जिला छतरपुर कलेक्टर द्वारा विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिये परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते सहित मासिक एवं दैनिक वेतन की दरें लागू कर दी गई है।

तत्संबंध में भारतीय गण वार्ता (भगवा) पार्टी ज्ञापन के माध्यम से महोदय जी से मांग करती है कि अन्य जिलों की भांति अनूपपुर जिले के शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों(अकुशल,कुशल,अर्द्धकुशल,उच्चकुशल),कर्मचारियों के लिए परिवर्तनशील महंगाई भत्ते सहित मासिक एवं दैनिक वेतन की दरें लागू किये जानें का आदेश प्रसारित करनें का कष्ट करें । जिसका लाभ गरीब शासकीय दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को प्राप्त हो सके।

संलग्न–
1. जिला कलेक्टर को आदेशित छायाप्रति संलग्न।

भवदीय
जिला–अध्यक्ष श्रमिक यूनियन प्रकोष्ठ
भगवा पार्टी जिला–अनूपपुर(म.प्र.)

# अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा दो घायल

**ज्ञान चन्द शर्मा /बालाघाट** अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से दो लोग घायल हो गए घायलो को उपचार के लिए अस्पताल मे भती कराया गया है हादसा परसवाड़ा क्षेत्र मे हुआ हादसे मे अनिल और सुनील तिलासी घायल हो गए घटना के बाद घायल दोनो भाईयो को ग्राम पटोरा के ही तेजराम बोरीकर ने परसवाड़ा अस्पताल पहुंचाया जानकारी अनुसार परसवाड़ा थाना अंतर्गत पटोरा निवासी 32 वषीय सुनील तिलासी और 30वषीय अनिल तिलासी एक अन्य बिरसा थाना क्षेत्र के ग्राम मडई निवासी दीपक सोनवाने के साथ ट्रैक्टर को लेकर केवलारी जा रहे थे इस दौरान ही हर्राटोला के पहले ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमे दोनो भाईयो सुनील और अनिल को कमर और शरीर के अन्य हिस्सो. मे चोटे आई है जिन्हे परसवाड़ा अस्पताल से प्राथमिकी उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# बसपा ने मनाई कांशीराम की जयंती

**ज्ञानचन्दशर्मा/बालाघाट।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में 15 मार्च दिन शनिवार को नगर के स्थानीय सावित्री बाई फुले भवन बिरसा मुंडा चौक में बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम के 91वे जन्मदिन के मौके पर एक दिवसीय विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि की आसंदी पर रीवा के पूर्व सांसद बुद्धसेन पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष इंजी. महेंद्र ने की। इनकी रही विशेष उपस्थिति जिला प्रभारियों में खेमराज हरिंखेड़े, दीपक मेश्राम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दुर्गेश बिसेन, एड. दीपक पंचभावे, डॉ. सुभाष रंगारे, संजय शेंडे, बसपा नेता उदयसिंह पंचेश्वर, मुकेश कुमार, रंजीत जुगनाके, एड. राज्यपाल उके, काशीराम नगपुरे, देवाजी रामटेके एवम अन्य अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

अंततः पुष्पराजगढ़ विधायक की आवाज रंग लाई

# शासन ने उप संचालक कृषि अनूपपुर को किया निलंबित

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

अनूपपुर । पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को की आवाज अंततः रंग ला दी।प्रदेश शासन ने उपसंचालक कृषि अनूपपुर जिला मुख्यालय एन.डी.गुप्ता को निलंबित कर दिया। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय मध्यप्रदेश शासन भोपाल ने एन.डी.गुप्ता,उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास एवं परियोजना संचालक आत्मा समिति,जिला अनूपपुर के विरूद्ध डी.एम.एफ.से प्राप्त राशि का दुरूपयोग पाए जाने के कारण कलेक्टर,जिला अनूपपुर म.प्र. के पत्र क्रमांक 3194/अ.कले./शिका./ जॉच / 2024, दिनांक 16/07/2024 द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव प्राप्त हुआ। अतः राज्य शासन एतद् द्वारा एन.डी.गुप्ता, उप संचालक,किसान कल्याण तथा कृषि विकास एवं परियोजना संचालक आत्मा समिति,जिला अनूपपुर को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (क) अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय संयुक्त संचालक,किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जबलपुर संभाग जबलपुर रहेगा। निलंबन अवधि में श्री गुप्ता को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने शासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।जिन्होंने उनकी मांग पर सही समय पर सही निर्णय लिया।उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को अनूपपुर जिले में पनाह नहीं दिया जाएगा।



# फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी का अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन आज से-आशीष

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**



अनूपपुर। जिला फ्लाई ओवर संघर्ष समिति के अध्यक्ष व जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशीष त्रिपाठी ने कहा कि निर्माणाधीन फ्लाई ओवर ब्रिज की लगातार लेट लतीफी को लेकर कलेक्टर अनूपपुर को ज्ञापन दिया गया है। जिसके तहत आज 21 मार्च 2025 से अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन प्रारंभ किया जा रहा है।जिसमें सभी के सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने बताया कि दो दशक से बहुप्रतीक्षित रेल्वे फ्लाई ओवर निर्माण का कार्य प्रारंभ है।उक्त फ्लाई ओवर निर्माण कार्य के चलते अनूपपुर शहर दो भागों में विभाजित हो गया है।जिससे बाजार व लाइन पार का संपर्क टूट सा गया है।जिसके कारण दोनों ओर के व्यापारियों के व्यवसाय पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।लाइन पार जिला चिकित्सालय,जिला न्यायालय, तहसील कार्यालय तथा महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थानों के कारण नागरिकों सहित दूर दराज से आने जाने वाले लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।ऐसी स्थिति में निर्माणाधीन फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाने की आवश्यकता है। जिला फ्लाई ओवर संघर्ष समिति के अध्यक्ष व जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशीष त्रिपाठी ने कहा कि समिति तथा नागरिक समाज द्वारा बार-बार जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन,आवेदन तथा अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया गया।किंतु आज तक कोई सकारात्मक पहल जिला प्रशासन व जन प्रतिनिधियों द्वारा नहीं की जा रही है।उपरोक्त परिस्थितियों के मद्देनजर जिला फ्लाई ओवर संघर्ष समिति,नागरिक समाज,समाज सेवी संस्थान,ऑटो रिक्शा चालक व किसान मजदूरो के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी अपने पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस थाना अनूपपुर के सामने आज 21 मार्च शुक्रवार को सुबह 10 बजे से अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन प्रारंभ करेगी। जिला फ्लाई ओवर संघर्ष समिति के अध्यक्ष व जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशीष त्रिपाठी ने पूरे अनूपपुर शहर के निवासियों से अपील की है कि आज से प्रारंभ हो रहे अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन को अपना पुरजोर समर्थन दे।जिससे फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा हो सके।

# 19 मार्च को साउथ ईस्ट सेंट्रल रेल्वे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन समपन्न।

## सिराज अहमद अध्यक्ष ,जयंतो दास गुप्ता सचिव और सदाशिव पांडे कोषाध्यक्ष हुए निर्वाचित




**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

अनूपपुर। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन शाखा कार्यालय अनूपपुर प्रांगण में 19 मार्च 2025 को जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव की अध्यक्षता,मंडल समन्वक विजय अग्निहोत्री के मुख्य आतिथ्य और केंद्रीय पदाधिकारी आर.के. यादव डायरेक्टर अर्बन बैंक एवं केंद्रीय कोषाध्यक्ष डी.के.स्वाइन विशिष्ट अतिथि की उपस्थिति पर कार्यक्रम की शुरुआत में महात्मा गांधी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं रामधुन भजन गाकर प्रारंभ की गई।कार्यक्रम के मुख्य मंडल सामान्य विजय अग्निहोत्री में अपने उद्बोधन कहा कि सभा में उपस्थित समस्त रेल्वे कर्मचारियों का रेल्वे मजदूर कांग्रेस परिवार हृदय से स्वागत करता है।गुप्त मतदान 2024 में आप सभी ने 11 वर्षो बाद पुनः रेल्वे मजदूर कांग्रेस को लगातार दूसरी बार एकल मान्यता प्राप्त चुनाव जीताकर यह प्रमाणित किया है कि रेल्वे मजदूर कांग्रेस लगातार रेल कर्मचारियों के हित में कार्य कर रही है,यूनियन का कर्तव्य कर्मचारी हित में प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर हर स्तर के कार्य को किया जाना है,क्योंकि मंडल पीएनएम,जोनल पीएम एवं रेलवे बोर्ड स्तर पर रेल कर्मचारियों के हर समस्याओं को रखकर उसका हल किया जाता है। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लक्ष्मण राव ने बताया कि रेल्वे संगठन चलाने के लिए सभी को आपस में संपर्क में रहना होगा।

सभी शाखा प्रभारी 50 लोगो का समूह बनाकर रेल कर्मचारियों की सेवा करनी होगी जिससे संगठन गतिशील एवं मजबूत होगा।उन्होंने बताया कि ओल्ड पेंशन स्कीम की मांग को लेकर लगातार संघर्ष जारी है।चुनाव 2024 में 13 जोन जीतने के बाद हमारा सबसे बड़ा संकल्प है कि दृश्यहा एवं ह्यश्यहा को हटाना एवं पुरानी पेंशन को लागू करवाना।साथ ही रेल्वे मजदूर कांग्रेस के द्वारा कर्मचारियो के हित में क्या-क्या कार्य किए गए उसकी बिंदु वार जानकारी प्रदान की गई।वही शाखा अनूपपुर के कोषाध्यक्ष जयंतो दास गुप्ता द्वारा पिछले वर्षों के आय व्यय का हिसाब किताब प्रस्तुत किया गया। द्विवार्षिक अधिवेशन मे रेल्वे मजदूर कांग्रेस के महामंत्री पीताम्बर लक्ष्मी नारायन के अनुमत एवं निर्देश से नियुक्त केंद्रीय पदाधिकारी गण उक्त द्वितीय अधिवेशन कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि विजय अग्निहोत्री द्वारा अनूपपुर शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।जिसे कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों रेल कर्मचारियों के द्वारा ध्वनि मत से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।अनूपपुर शाखा की कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद हेतु सिराज अहमद मंसूरी,उपाध्यक्ष रामदास राठौर एवं आशा दीप तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक कुमार राय, शाखा सचिव जयंतो दास गुप्ता,सहसचिव एस.संजीय राव, अनुज कुमार यादव,सुरेंद्र राय,संगठन सचिव मोहम्मद वसीम और अजीत कुमार तथा कोषाध्यक्ष सदाशिव पांडे को निर्विरोध घोषित किया गया।

# जनजाति कार्य विभाग के प्राचार्य प्रभारी सहायक राकेश गुप्ता को निलंबित करने शासकीय जमीनों को विक्रय पर प्रतिबंध लगाने नगर पालिका डबरा की समस्याओं को लेकर दलित आदिवासी महापंचायत ने जनसुनवाई में पत्र दिए



**ग्वालियर।** दलित आदिवासी महापंचायत ( दाम ) के पदाधिकारी आज अलग-अलग समस्याओं को लेकर कलेक्टर ग्वालियर की जनसुनवाई में पूर्व आईएएस स्वर्गीय टी धर्माराव सभागार जो कलेक्ट्रेट में पहुंच कर अलग-अलग पत्र दिए जनसुनवाई में पहुंचने वाले दलित आदिवासी महापंचायत (ष्ठ्रूदाम)के संस्थापक संरक्षक डॉक्टर जवर सिंह अग्र , प्रांतीय अध्यक्ष महेश मधुरिया , कार्यवाहक प्रांत अध्यक्ष महाराज सिंह राजोरिया , जिला अध्यक्ष संदीप सोलंकी , डबरा नगर पालिका परिषद की पार्षद सुनीता राजोरिया आदि शामिल थे डॉ जवर सिंह अग्र और महेश मधुरिया ने आदिम जाति कल्याण विभाग की समस्याओं को लेकर जनसुनवाई में समस्याओं के निराकरण करने की मांग की गई साथ ही आदिम जाति कल्याण विभाग के प्राचार्य प्रभारी सहायक आयुक्त राकेश गुप्ता को निलंबित करने की मांग की गई राकेश गुप्ता वरिष्ठ कार्यालय अधिकारियों को तथ्यों को छुपा कर प्रतिवेदन भेजते हैं और भ्रष्टाचार के माध्यम से शासन के नियम कानून को ताकपर रखकर कार्य कर रहे हैं पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया गया है की राकेश गुप्ता द्वारा एक लव्य विद्यालय कराहल में 40 लाख का भ्रष्टाचार किया गया है लेनदेन करके जांच को दबा दिया है जांच में दोषी है सीएम हेल्पलाइन में झूठा अपडेट करते हैं और सीएम हेल्पलाइन का समय सीमा में निराकरण नहीं करते हैं कर्मचारियों को वेतन भी नहीं दे रहे हैं कई कर्मचारियों के लंबित देयकों का भुगतान नहीं कर रहे है तथा छात्रवृत्ति और आर्थिक सहायता में भ्रष्टाचार अपना कर कार्य कर रहे हैं ऐसे प्रभारी सहायक आयुक्त राकेश गुप्ता को निलंबित किया जाए और निष्पक्ष जांच हेतु किसी डिप्टी कलेक्टर को प्रभारी सहायक बनाये जाने की मांग की गई है दलित आदिवासी महापंचायत के कार्यवाहक प्रांत अध्यक्ष महाराज सिंह राजोरिया ने शासकीय भूमि को विक्रय से रोक लगाने की मांग की गई है और सही जमीनों के नामांतरण करने की मांग की गई है आम जनता परेशान हो रही है डबरा में साथ ही पार्षद सुनीता राजोरिया ने नगर पालिका परिषद डबरा की जनता की समस्याओं से जनसुनवाई में अवगत कराया और समस्या का निराकरण करने की मांग की गई चारों समस्याओं के आवेदनों को जनसुनवाई में दर्ज किया गया और सभी समस्याओं पर शीघ्र ही कार्रवाही करने के संबंध मे अधिकारियों को निर्देश दिए दलित आदिवासी महापंचायत ( दाम ) के नेताओं को बरिष्ठ अधिकारियों ने आस्वसत किया है कि समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाएगा।

# आदम एक्टर्स क्रिएशन द्वारा दोनों कहानियों का निर्देशन दुष्यंत कुमार सभागार में सफलतापूर्वक किया गया



आदम एक्टर्स क्रिएशन द्वारा दो कहानियों की प्रस्तुति की गई एक कहानी का नाम कफन और दूसरी कहानी का नाम है बड़े भाई साहब. यह दोनों कहानी मुंशी प्रेमचंद की लिखी हुई है और दोनों कहानियों का निर्देशन आदम ने किया है। दुष्यंत कुमार सभागार में सफलतापूर्वक की गई। शाम 6:00 बजे ..जिसमें अभिनय किया है फरहान.अरविंद साहू सलोनी. आकांक्षा जैन. आदम ने।.. यह कहानी हमें बताती है कि गरीबी सिर्फ पैसे की कमी नहीं होती बल्कि इंसान की सोने की और समझने की क्षमता को भी मार देती है। किशोर माधव की हालत को देखकर हम सोचते हैं कि। क्रूर और वह बेरहम है। लेकिन फिर हमें यह एहसास होता है कि क्या सिर्फ वे दोनों ही समझ में दोषी हैं? या फिर उनकी गरीबी ने उनको ऐसा बना दिया है। यह कहानी सवाल उठाती है। क्या सच में हम गरीबों की मदद करना चाहते हैं या फिर हम सिर्फ अपने दिल की शांति के लिए दान देकर पैसा देकर और अपन उनसे छुटकारा पाना



चाहते हैं? समाज केवल गरीबों को दान देकर पैसे देकर कुछ धन देकर अपने कर्तव्यों से अपनी जिम्मेदारियां से मुक्त हो जाता है उनकी जो असल और सही समस्या है उसे पर कोई ध्यान नहीं देता है। कफन कहानी एक विचार उत्तेजक कहानी है। जो समाज में हो रहा है पनप रहा है उसकी सच्चाई को दिखाती है। यह कहानी दर्शकों को हंसाने के लिए और सोने के लिए और रोने के लिए मजबूर करेगी। यह भी सोचने पर विवश करेगी कि ऐसी स्थिति आखिरी समाज में क्यों बन रही है पनप रही? क्या इसका समाधान कभी हो पाएगा या हो सकता है? इस कहानी की प्रस्तुति। इस कहानी की प्रस्तुति दुष्यंत कुमार सभागृह में सफलतापूर्वक की गई.. इस कहानी में अभिनय आकांक्षा जैन अरविंद साहू और आदम सरहनी रहद्य पसंद किया ।लोगों को बहुत पसंद आया।






# महाराजा छत्रसाल जी की वीरता का वर्णन

करो देस के राज छतारे
हम तुम तें कबहूं नहिं न्यारे।
दौर देस मुगलन को मारो
दपटि दिली के दल संहारो।
तुम हो महावीर मरदाने
करिहो भूमि भोग हम जाने।

महाराजा छत्रसाल ने मुगलों से कभी हार नहीं मानी और सदा विजेता रहे। वह बुंदेलखंड के एक महान योद्धा थे जिन्होंने अपने क्षेत्र की रक्षा के लिए अनेक युद्ध लड़े। उनकी वीरता और साहस की कहानियां आज भी प्रेरणा का स्रोत हैंख।

**यशस्वी अरजरिया (दर्शनशास्त्र छात्रा MCBU)**



भीख मांगना 20 करोड़ लोगों का रोजगार

एजेंसियां

इंदौर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने रोजगार पर एक बयान देकर विवाद को जन्म दे दिया है. उन्होंने कहा कि भीख मांगना भी एक तरह का रोजगार है. इंदौर में 'कलाम का भारत' विषय पर आयोजित एक बैठक के दौरान इंद्रेश ने कहा कि भीख मांगना भी देश के 20 करोड़ लोगों का रोजगार है, जिन्हें किसी ने रोजगार नहीं दिया उन लोगों को धर्म में रोजगार मिलता है. जिस परिवार में पांच पैसे की कमाई भी न हो, उस परिवार का दिव्यांग और दूसरे सदस्य धार्मिक स्थलों में भीख मांगकर परिवार का गुजारा करते हैं, ये छोटा काम नहीं है. उन्होंने पीएम के बहुचर्चित पकौड़ा वाले बयान पर भी अपनी राय रखी.

भिखारी सोच वाले मन हा,
भिखमंगाई ला रोजगार बतावत हे।
सोचो ये कटोरा धारी मन हा,
ये कइसे रामराज लावत हे।।
कोनो हा जगतगुरु बनाए के,
दिन-रात पोंगा बजावत हे।
स्वाभिमानी देसभक्त मन के,
दुनिया मा नाक कटावत हे।।

**लक्ष्मी नारायण कुम्भकार सचेत दुर्ग (छ.ग.)**

# एक पारी का समापन नई पारी का आरंभ...!

जिन भी साथियों, सज्जनों, माताओं - बहनों ने मेरे मुश्किल वक्त में मेरा प्रत्यक्ष - अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया। साथ ही दो दिनों से जिन भी शुभचिंतकों ने मुझे उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी, उन सभी का तहेदिल से शुक्रिया।

**लेकिन...**

आज कुछ मेरे मन की बात
!



मैं न तो जन्मजात किन्नर थी, न मैंने बचपन में सपने में भी कभी किन्नर बनने का सोचा था और न ही मैं किन्नर बनना चाहती थी। वैसे यह भी बताना महत्वपूर्ण है कि ९९त्न किन्नर जन्मजात नहीं होते हैं लेकिन वे समलैंगिक होते हैं, फ़िर भी अधिकांश लोगों ने उनकी मुझ जैसे साधु - सन्यासी की तरह ब्रह्मचर्य का पालन करने वाले से भी अनजाने किन्नरों को बेमन से ही सही लेकिन अधिक इज़्ज़त दी जबकि मुझे सदैव ही कोसा और नफ़रतभरी निगाहों से भी देखा। जबकि परिवार में पीढ़ी दर पीढ़ी बीमारी से अभावग्रस्त एवं किंकर्तव्यविमूढ़ ज़िंदगी, रिश्तेदारों द्वारा दूरी बनाने, आस्तिक गांव, समाज और सफ़ल दोस्तो द्वारा भी उदासीन होकर सिर्फ़ राम भरोसे छोड़ देने के उपरांत भी मैंने सदैव सिर्फ़ यही सोचा कि मुझे भले भीख मांगकर भी जिंदा रहना पड़े लेकिन मेरा जिंदा रहना ज्यादा जरूरी है क्योंकि कभी न कभी तो अच्छे दिन अवश्य आएंगे। और अब वह दिन दूर नहीं है जब मैं न सिर्फ़ आत्मनिर्भर बनूंगा अपितु सफ़ल बनकर मैं रिश्तेदार, गांव, समाज और नवोदय के दोस्तो को भी आईना दिखाकर बताऊंगा भी कि बड़ा एवं असली नायक वह नहीं होता है जो सिर्फ़ किसी बड़े पद को पा लेता है और अच्छी आय अर्जित करता है अपितु बड़ा व कप्तान तो वह होता है जो अपने बीच सबसे अंतिम पायदान पर खड़े साथी दोस्त के कष्ट एवं उसकी मनोदशा को समझने की कोशिश करता है, साथ ही उसे उचित मार्गदर्शन देकर या उंगली पकड़कर यानि सहायता करके अपने साथ लेकर चलने का साहस दिखाता है और प्रयास करता है। लेकिन रिश्तेदार, गांव, समाज और नवोदय के अधिकांश दोस्त न सिर्फ़ गांधीजी के तीनों बंदरों की भांति मेरी परिस्थितियों के मूकदर्शक बने रहे, कुछ ने तो मुझे परिस्थितियों द्वारा दिए गए मेरे घावों को न सिर्फ़ कुरेदा अपितु उन पर नियमित नमक - मिर्च भी रगड़ने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। मेरी तो रिश्तेदारों, गांव, समाज एवं दोस्तो सभी से सिर्फ़ यही विनती है कि मेरे जैसा किसी अन्य के साथ भूल से भी( टांग खींचना और हर जगह दोयम दर्जे का व्यवहार) कभी मत करना वर्ना ऊपर उठने में अवश्य समय लगता है लेकिन मैंने मेरी आंखों से लोगों को अर्श से फर्श पर आते भी देखा है। मेरी दृष्टि में परिस्थितियों से पीड़ित लोगों की टांग खींचने वाले लोग प्रतिभाओं के वास्तविक हत्यारे हैं और समय उनको कभी माफ़ नहीं करेगा, कुदरत के पास इंसाफ़ होने में देर हो सकती है लेकिन अंधेर नहीं।

रिश्तेदार,
गांव वाले,
मेरी समाज,
नवोदयन( जिले की क्रीम)

**मेरे अनुभव के पन्नों से**
**भूराराम उर्फ़ भावना मंगलमुखी**
**देवली पाबूजी, जिला पाली( राज.)**




# 21 दिवसीय इंटर्नशिप प्रोग्राम किया गया

**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली द्वारा तैयार किए गए इंटर्नशिप प्रोग्राम में दिए गए निर्देशों के अनुसार 21 दिवसीय इंटर्नशिप प्रोग्राम में शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम के एलएलबी प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं द्वारा प्रशिक्षण लिया जा रहा है यह इंटर्नशिप प्रोग्राम 22 फरवरी 2025 से शुरू होकर 18 मार्च 2025 तक आयोजित किया जाएगा जिसके अंतर्गत छात्र छात्राओं को इंटर्नशिप के दौरान कई स्थानों का भ्रमण जैसे केंद्रीय जेल, वृद्धआश्रम,शिशु गृह, श्रम न्यायालय,नशा मुक्ति केंद्र किशोर न्याय बोर्ड जिला एवं सेशन न्यायालय जैसी स्थान पर अलग-अलग दिवसों पर छात्र छात्राओं को भ्रमण कराया जाएगा इस तरह के इंटर्नशिप प्रोग्राम के माध्यम से छात्र छात्राएं विधिक प्रक्रिया को अच्छी तरह से समझ पाएंगे।






# रायसेन जिले के भीम आर्मी जिला अध्यक्ष बने राकेश अंबेडकर।

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय पत्रकार**




भीम आर्मी भारत एकता मिशन

संस्थापक
एड. चन्द्रशेखर आजाद
राष्ट्रीय अध्यक्ष
विनय रतन सिंह

अनिल धेनवाल
राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य
प्रभारी : मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र

क्रमांक - BA/25/२०२५ दिनांक - 14/03/2025

बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम साहब के आंदोलन / मिशन को मजबूत करने के लिए भीम आर्मी भारत एकता मिशन मध्यप्रदेश का विस्तार करते हुए मध्यप्रदेश के निम्न जिलों के जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति प्रदान की जाती है

| क्रं. | नाम | जिला | पद | मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रंजीत दामले | भोपाल | जिला अध्यक्ष | 9009802938 |
| 2. | जगदीश अहिरवार | विदिशा | जिला अध्यक्ष | 7489482408 |
| 3. | मुकेश आज़ाद | सीहोर | जिला अध्यक्ष | 7697472312 |
| 4. | राकेश अम्बेड्कर | रायसेन | जिला अध्यक्ष | 9575128212 |
| 5. | कनीराम मेघवाल | राजगढ़ | जिला अध्यक्ष | 7489914714 |

भीम आर्मी भारत एकता मिशन आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

अनिल धेनवाल
राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य
प्रभारी
मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र

प्रतिलिपि -
एड. चंद्रशेखर आज़ाद जी संस्थापक भीम आर्मी की ओर सूचनार्थ
मा. विनय रतन सिंह जी राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम आर्मी की ओर सूचनार्थ

रायसेन, मध्य प्रदेश ( 14 मार्च 2025 )। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम जी के आंदोलन को मजबूत करने के लिए राकेश अंबेडकर को भीम आर्मी भारत एकता मिशन, रायसेन जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य एवं मध्यप्रदेश- महाराष्ट्र प्रभारी अनिल धनवाल द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में यह घोषणा की गई। इस नियुक्ति के साथ ही राकेश अंबेडकर को जिले में भीम आर्मी के विस्तार और बहुजन समाज को संगठित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राकेश अंबेडकर ने इस मौके पर कहा कि वे बड़े भाई चंद्रशेखर आज़ाद के नेतृत्व में भीम आर्मी के विस्तार और बहुजन समाज को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों ने राकेश अंबेडकर को जिला अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएँ दीं और उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई।

# बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम जयंती पर युवाओं को मिला राजनीतिक चेतना का संदेश।



**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय पत्रकार**

देवरी (15 मार्च 2025)। बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम जी की जयंती के अवसर पर अंबेडकर भवन, देवरी में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में भीम आर्मी जिला अध्यक्ष राकेश अंबेडकर ने युवाओं को कांशीराम जी के संघर्षमय जीवन के बारे में बताया और बहुजन समाज की राजनीतिक चेतना को मजबूत करने का संकल्प दिलाया।

## युवाओं को संकल्प दिलाया गया

इस अवसर पर भीम आर्मी के पदाधिकारियों और समाज के युवाओं ने संकल्प लिया कि वे रायसेन जिले में भीम आर्मी का विस्तार करेंगे ओर चंद्रशेखर आजाद के हाथों को मजबूत करेंगे। इसके साथ ही, समाज को अंधविश्वास और पाखंडवाद से मुक्त करने का भी संकल्प लिया गया।

**कांशीराम जी का संदेश:** इस कार्यक्रम में मान्यवर कांशीराम जी के विचारों को याद किया गया, जिसमें उन्होंने कहा था–

कभी न बिकने वाला समाज बनाना और बहुजन समाज को शासक बनाना हमारा अंतिम लक्ष्य होना चाहिए।÷

## उपस्थित गणमान्य और युवा साथी

इस बैठक में भीम आर्मी जिला अध्यक्ष राकेश अंबेडकर, बलवंत अहिरवार, अखिलेश बघेल, जितेंद्र बघेल, हेमंत बघेल, आकाश बघेल, पिंकेश बघेल सहित समाज के कई युवा साथी उपस्थित रहे।

## समाज में नई ऊर्जा का संचार

इस आयोजन ने बहुजन समाज के युवाओं को एकजुट किया और उन्हें सामाजिक तथा राजनीतिक बदलाव की दिशा में काम करने की प्रेरणा दी। रायसेन जिले में भीम आर्मी के विस्तार और सामाजिक जागरूकता अभियानों को और मजबूती देने का निर्णय लिया गया।

# बहुजन नारी शक्ति जन संघर्ष मोर्चा का कटक में शराबबंदी अभियान आदिवासी महिलाओं ने दिखाया जौहर।

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय पत्रकार**

देवरी। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कटक में ओर आस पास के तमाम गांव जिसमें आदिवासी बहुत मात्रा में निवास करते है अवैध रूप से बिक रही शराब के खिलाफ बहुजन नारी शक्ति जन संघर्ष मोर्चा की महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है। महिलाओं ने गाँव-गाँव जाकर शराबबंदी अभियान चलाया और अवैध शराब बिक्री को बंद करने की मांग की। ये अभियान होली से कुछ दिन पहले शुरू किया जिसमें सभी गांव वालों ने सहयोग भी दिया। 17/03/2025 को जामनझीरि में एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें आस पास के सभी महिला पुरुष बड़ी तादात में शामिल हुए और इस शराब बंदी अभियान को विशाल रूप दिया।



## महिलाओं ने बुलंद की आवाज

इस अभियान के तहत मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने शराब बेचने वाले स्थानों पर जाकर विरोध प्रदर्शन किया और स्थानीय प्रशासन से अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। महिलाओं ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगी।

## गाँव के लोगों ने दिया समर्थन

इस आंदोलन को गाँव के लोगों का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। कई ग्रामीणों ने कहा कि अवैध शराब बिक्री से परिवार और समाज पर बुरा असर पड़ रहा है, खासकर युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही है। शिक्षा ग्रहण करने में परेशानी आ रही है।

## प्रशासन से कार्रवाई की अपील

बहुजन नारी शक्ति जन संघर्ष मोर्चा ने जिला प्रशासन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और अवैध शराब बिक्री के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील की है। हालांकि स्थानीय पुलिस के संरक्षण में अवैध रूप मिली शराब को सभी गांव वालों ने विसर्जित कर दिया है।

# विशाल रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट नरेंद्र शिवाजी पटेल कप का भव्य शुभारंभ

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय पत्रकार**




देवरी। उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक शानदार आयोजन की शुरुआत हो चुकी है। नरेंद्र शिवाजी पटेल कप रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि अभिज्ञान नरेंद्र पटेल जी, मंडल अध्यक्ष सुनील लोधी जी, और नगर अध्यक्ष रविंद्र रघुवंशी जी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। 16 मार्च से 22 मार्च तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं, जिसमें सभी खिलाड़ी उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के ही हैं। टूर्नामेंट की खासियत यह है कि इसे आईपीएल की तर्ज पर आयोजित किया जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

**पहले दिन के मुकाबले और क्वार्टर फाइनल की राह:** उद्घाटन समारोह के दौरान चार टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिसमें प्रत्येक टीम ने तीन-तीन मैच खेले। शानदार प्रदर्शन के दम पर राजवाड़ा 11 और निवाड़ी की टीम ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। आने वाले दिनों में अन्य टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबले देखने को मिलेंगे।

### समापन समारोह और मुख्य अतिथि

22 मार्च को टूर्नामेंट का समापन होगा, जिसमें लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करेंगे।

### आयोजन समिति की तैयारियां जोरों पर

टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के सदस्य बसंत आकर, शुभम भाटी, प्रतीक शर्मा, सचिन रघुवंशी, मुकेश शर्मा, केतन गोदानी एवं पूरी टीम लगातार मेहनत कर रही है। सभी कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है, जिससे टूर्नामेंट को यादगार बनाया जा सके।

### आज से पुणे टूर्नामेंट का भी शुभारंभ

इसके साथ ही, आज शाम 7ः00 बजे से पुणे टूर्नामेंट का भी शुभारंभ किया जाएगा, जो खेल प्रेमियों के लिए एक और रोमांचक आयोजन साबित होगा।

### क्रिकेट का जश्न जारी रहेगा

इस भव्य आयोजन के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और दर्शकों को रोमांचक मुकाबलों का आनंद उठाने का मौका मिलेगा। नरेंद्र शिवाजी पटेल कप निश्चित रूप से उदयपुर विधानसभा क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# जीवन बीमा के नियमों में बदलाव के विरोध में रामलीला मैदान में अभिकर्ताओ ने किया विरोध

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनुपपुर**



अनूपपुर। कोतमा शाखा अध्यक्ष आरबीएस बघेल एवं मध्य  जोन उपाध्यक्ष सुनील निगम के नेतृत्व में अभिकर्ताओं ने रामलीला मैदान पहुंचकर नियमों के बदलाव का किया विरोध जताया। जीवन बीमा नियमों के बदलाव के विरोध में रामलीला मैदान में लाखों अभिकर्ता एकत्रित हुए। लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया यूनियन की संयुक्त नेतृत्व के विरोध प्रदर्शन पर देश के कोने-कोने से भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ताओं ने रामलीला मैदान दिल्ली में पहुंचकर सरकार के नीतियों का विरोध किया यह विरोध प्रदर्शन दिल्ली में हुआ, जहां 9 लोकसभा सांसद और 2 राज्यसभा सांसद मौजूद थे। सभी सांसदों ने अभिकर्ताओं की मांगों का समर्थन किया और आश्वासन दिया कि वे इन मांगों को संसद में रखेंगे।अभिकर्ताओं की मुख्य मांगें हैं बोनस दर बढ़ाना जीवन बीमा धारकों को अधिक ब्याज दर देना।जीवन बीमा पर लगने वाले जीएसटी को हटाना। जीवन बीमा प्रीमियम पर आयकर में छूट देना। अभिकर्ताओं का कमीशन बढ़ाना बैंकों को जीवन बीमा करने से रोकना। सभी शाखाओं में रिवाइवल और मैच्योरिटी की सुविधा देना।हेल्थ इंश्योरेंस और मोटर दुर्घटना बीमा करने की सुविधा देना।

# सीधी में बुजुर्ग की भीड़ ने पीट-पीटकर की हत्या, मुंह में ठूसा था कपड़ा, कानून व्यवस्था को दी चुनौती

**सीधी( मध्य प्रदेश)।** मऊगंज में कानून व्यवस्था को खुलेआम चुनौती देने के बाद अब सीधी में भी आरोपियों ने बेहद ही दर्दनाक वारदात को अंजाम दिया है. बुजुर्ग की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी. जानिए क्या है पूरा विवाद. मऊगंज का बवाल अभी शांत नहीं हुआ कि अब सीधी में आरोपियों ने कानून व्यवस्था को चुनौती दी है. इस भीषण हिंसा के बाद पूरे संभाग की पुलिस मऊगंज में डटी है. वहीं, दूसरी ओर सीधी जिले में भी कानून को हाथों में लेते हुए जरा सी जमीनी विवाद में एक दर्जन आरोपियों ने वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या कर दी. इसके बाद से तनाव का माहौल बना हुआ है. सिटी कोतवाली अंतर्गत हड़बड़ो ग्राम में जमीनी विवाद को लेकर एक वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है. इसके बाद आक्रोश में परिजनों द्वारा शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम किया गया.




### एक दर्जन आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज

परिजनों ने आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की. पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के साथ ही एक दर्जन आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया. हालांकि, पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आरोपियों को छोड़ा नहीं जाएगा. उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

# एक बार फिर अनूपपुर जिले की सीमा में पहुंचा एक हाथी

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**



**अनूपपुर।** गुरुवार 20 मार्च को पूरे दिन मध्यप्रदेश के सीमा से लगे छ,ग,राज्य के मरवाही वन परिक्षेत्र अंतर्गत शिवनी के जंगल में पहुंचे एक दांत वाला नर हाथी पूरे दिन विश्राम कर देर शाम एवं रात को पहाड से उतर कर मालाडाड गांव होते हुए देर रात गूजरनाला पार कर अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील,थाना एवं वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत एवं बीट चोलना के चोलना एवं बचहा गांव में विचरण करते हुए ग्राम पंचायत कुकुरगोड़ा के बडकाटोला की ओर वर्तमान समय तेजी से जा रहा है वनविभाग के अधिकारी/कर्मचारी ग्रामीणों के साथ इस हाथी के विचरण पर निरंतर नजर रखते हुए ग्रामीणों को सचेत एवं सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं।

**सूचना संकलन-शशिधर अग्रवाल वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर**



मेरे जन्मदिन के शुभ अवसर पर आपके द्वारा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त अपनत्व, स्नेहपूर्ण बधाई एवं शुभकामनाएं मेरे जीवन की अमूल्य पूंजी हैं। मैं हृदय की अनंत गहराइयों से आपका आभार व्यक्त कर, धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

आप सभी का सहयोग, प्यार, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद मुझे सदैव प्राप्त होता रहे, मैं यही कामना करता हूं।

आपका, अपना
सामाजिक कार्यकर्ता
अतर सिंह भारतीय
भोपाल, मप्र

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव मालनपुर में मध्यम घनत्व फाइबर बोर्ड एवं संबद्ध उत्पाद संयंत्र का शिलान्यास करेंगे

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को भिंड जिले के मालनपुर में ÷मध्यम घनत्व फाइबर बोर्ड एवं संबद्ध उत्पाद संयंत्र÷ का शिलान्यास करेंगे। मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए एलिक्सर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मीडियम डेंसिटी फाइबर बोर्ड (एमडीएफ), प्लाईवुड और अन्य मूल्य-वर्धित उत्पादों के विनिर्माण हेतु एक मेगा-स्तरीय अत्याधुनिक इकाई स्थापित की जा रही है। यह राज्य के औद्योगिक परिदृश्य के लिए एक ऐतिहासिक कदम है और इससे प्रदेश में रोजगार, कृषि-आधारित उद्योगों और हरित पर्यावरण को बढ़ावा मिलेगा। मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास में एलिक्सर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड का योगदान एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इस कंपनी का नेतृत्व कुछ दृढ़ संकल्पित, दूरदर्शी और अनुभवी उद्योगपतियों द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में असाधारण सफलता प्राप्त की है और अब मध्यप्रदेश में एक अत्याधुनिक मेगा-विनिर्माण इकाई की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज

भोपाल। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम 21 मार्च को सुबह 11 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम होगा। उल्लेखनीय है कि होली के कारण 15 मार्च को यह कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सका था। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा उपभोक्ता-जागरूकता प्रदर्शनी लगायी जायेगी। उपभोक्ता जागरूकता दिवस एवं नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किये जायेंगे। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनी के स्टॉल को पुरस्कृत किया जायेगा। उपभोक्ताओं को जानकारी प्रदान करने के लिए नाप-तौल विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (प्रदर्शनी एवं मोबाईल लेब से लाईव टेस्टिंग) भारतीय मानक ब्यूरो, (मानकीकरण एवं बच्चों के लिए स्पाट क्विज) भारतीय खाद्य निगम, म.प्र.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन, म. प्र. स्टेट वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन (ई-केवासी का डिस्पले), भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन, (आयल कंपनियों के एल.पी.जी एवं पेट्रोलियम सेल्स डिवीज़न के पृथक-पृथक स्टॉल), दुग्ध संघ, स्वास्थ्य विभाग, डाक विभाग, बीमा कंपनी, खाद्य विभाग जिला-भोपाल, न्यूट्रीशनल इंटरनेशनल, प्रमुख स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों द्वारा प्रदर्शनी लगायी जायेगी।

# प्रदेश में हो रहा है हर खेत तक पानी पहुंचाने का भागीरथी कार्यः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में नदी जोड़ो अभियान के माध्यम से हर खेत तक पानी पहुंचाने का भागीरथी कार्य किया जा रहा है। यह मध्यप्रदेश के लिए गौरव की बात है कि केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल जैसी दो बहुउद्देशीय बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओं का श्रीगणेश हुआ है। आज नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना से नर्मदा का जल तराना में आया है। सूखे खेतों में पानी पहुंचेगा तो सोने जैसी फसलें लहलहाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 2 हजार 489 करोड़ 65 लाख रूपये की नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देश्य माइक्रो बहुउद्देशीय परियोजना के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह को उज्जैन जिला प्रभारी एवं कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल, अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्री हरिगिरी महाराज, सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने भी संबोधित किया। इसमें शाजापुर विधायक श्री अरूण भीमावद, तराना विधायक श्री महेश परमार सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तराना में जल संसाधन विभाग के 9.64 करोड़ रूपये लागत के इंदौर हाई लेवल ब्रिज, 5 करोड़ 73 की लागत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 5 करोड़ 21 लाख रूपये लागत की 11 नल जल परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने 7 करोड़ 15 लाख रूपये लागत के उप-स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन तथा समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत ग्राम कडेरी में हाई स्कूल भवन निर्माण का भूमि-पूजन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में तेज गति से विकास हो रहा है। भारत आज विश्व में सबसे सशक्त देश बनकर उभरा है। भारत की आज पूरी दुनिया में कीर्ति है, सम्मान है। हर क्षेत्र में हम तरक्की कर रहे हैं। रक्षा क्षेत्र में आज हमारे पास सबसे आधुनिक हथियार और उपकरण हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है, यहां 250 से अधिक नदियां है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्षों से विभिन्न राज्यों के बीच चल रहे नदी विवादों को सुलझा कर नदी जोड़ो परियोजनाओं का कार्य प्रारंभ किया है। पार्वती-कालीसिंध- चंबल (पीकेसी) परियोजना को लेकर मध्यप्रदेश और राजस्थान में 20 वर्षों से विवाद चल रहा था। अब विवाद समाप्त हो गया है और परियोजना मूर्त रूप ले रही है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश राज्यों में सहमति के बाद केन-बेतवा लिंक परियोजना पर कार्य प्रारंभ हो गया है। इन सभी परियोजनाओं से प्रदेश में हर खेत तक पानी पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# वीरांगना रानी अवंती बाई का हौसला हिमालय से भी बडा : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वीरांगना रानी अवंती बाई के अद्भुत साहस और पराक्रम को देखकर अंग्रेज दहशत में रहते थे। उनके बलिदान दिवस पर नमन कर हम सभी उन्हें कृतज्ञता पूर्वक स्मरण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डिंडौरी में वीरांगना रानी अवंती बाई के बलिदान दिवस पर डिंडौरी में बालपुर स्थित समाधि स्थल पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्धा सुमन अर्पित किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महान व्यक्तित्व के धनी अल्पायु में ही ऐसे काम कर जाते हैं, जिससे कि वे सदैव इतिहास में स्मरण किये जाते है। उन्होंने बताया कि अवंती का अर्थ है, %जिसका कभी अंत न हो।% वीरांगना रानी अवंतीबाई ने अंग्रेजों की हड़प नीति के विरोध में मात्र 26 वर्ष की आयु में आजादी का झण्डा बुलंद करते हुए प्राणोत्सर्ग कर दिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डिंडौरी जिले का समना विकासखंड को तहसील बनाया जायेगा।

मुख्यमत्री डॉ. यादव ने वीरांगना रानी अवंतीबाई के शौर्य और पराक्रम का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि यह वीरांगनाओं और वीरों की धरती है।यहाँ रानी दुर्गावती, झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई, देवी अहिल्याबाई, राजा रघुनाथशाह एवं कुंवर शंकरशाह जैसे महान व्यक्तित्व जन्मे हैं। रानी लक्ष्मीबाई, रानी अवंती बाई और राजा रघुनाथ शाह एवं कुंवर शंकरशाह ने अपने सीमित संसाधनों से देश व स्वाभिमान के लिये अंग्रेजी शासन के खिलाफ जमकर लोहा लिया। उन्होंने तात्कालिक समय में कठिन परिस्थितियों में सिर्फ आत्म सम्मान, राष्ट्रभक्ति को लेकर समाज को एक नई दिशा दी। रानी अवंती बाई का चरित्र से हमें सीख मिलती है कि डलहौजी की हडप नीति के विरोध में उन्होंने अपनी शासन की रक्षा की।उनके इस योगदान के कारण लोधी समाज सहित सम्पूर्ण समाज रानी अवंती बाई को पूजता है।

महापुरूषों की गौरव गाथा स्वर्णिम अक्षरों में लिखी जाएगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश के स्वतंत्रता संग्राम में आहूति देने वाले महान लोगों की गौरव गाथा को स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जा रहा है। ऐसे महापुरूषों की गौरव गाथाओं को समाज की अगली पीढ़ी तक पहुंचाया जाएगा ताकि भावी पीढ़ी भी महापुरूषों की शौर्य गाथाओं से परिचित हो सकें। भगवान बिरसा मुंडा सहित अन्य वीर इस बात के प्रतीक हैं। जनजातीय समाज के लिए बिरसा मुंडा भगवान हैं। उनके जन्मदिन पर जनजाति गौरव दिवस मनाया जाता है। वीरांगना रानी दुर्गावती की योगदान याद करने के लिए जबलपुर में मध्यप्रदेश शासन की पहली केबिनेट आयोजित की। जनजातीय गौरव को ध्यान में रखते हुए खरगोन विश्वविद्यालय का नाम क्रांतिसूर्य टंटया मामा के नाम पर किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन ने किसान, गरीब, युवा और महिलाओं के हित में कई बडे फैसले लिए हैं। श्रीअन्न (मोटे अनाज) के लिए एक हजार रूपए प्रति क्विंटल, धान के लिए 4 हजार रूपए



प्रति हेक्टेयर, गेंहू के लिए 2600 प्रति क्विंटल राशि हस्तांतरित करने वाले हैं। 10 से ज्यादा गौ-पालन करने के लिए अनुदान दिया जाएगा। इससे गौ-पालन और दुग्ध उत्पादन को बढावा मिलेगा। प्रदेश में औद्योगिकीकरण के लिए लगातार प्रयास जारी है। डिंडौरी में दुग्ध आधारित उद्योगों के साथ ही लघु उद्योग, मध्यम उद्योग, कुटीर उद्योग सहित सभी प्रकार के उद्योग लगाएंगे। रानी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती वर्ष को मना रहे हैं, रानी अवंती बाई और रानी अहिल्या बाई के आदर्शों के सभी पक्षों को लेकर समाज में जा रहे हैं, जिसके आधार पर गरीब, युवा, किसान और नारी के कल्याण कार्यों को कर रहे हैं।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास कैबिनेट मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने रानी अवंती बाई की शहादत की इस पुण्य भूमि में सभी का अभिनन्दन करते हुए कहा कि रानी अवंतिबाई जैसा पराक्रम इतिहास में कम मिलता है। अंगेजों के शासनकाल में रानी अवंतीबाई ने जनमानस के लिए कर वसूली के विरुद्ध अपनी आवाज उठाई, रानी ने 26 वर्ष की उम्र में अपने पराक्रम का परिचय देते हुए, आज से 150 से अधिक वर्ष पहले बताया कि न्याय और परोपकार की भावना के साथ हम हर कार्य कर सकते है।

संस्कृति और पर्यटन राज्यमंत्री श्री धर्मेंद्र भावसिंह लोधी ने अपने सम्बोधन में कहा कि रानी अवंती बाई का पराक्रम असाधारण एवं अद्भुत है। रानी अवंती बाई ने 1857 की क्रांति में भाग लेकर अपने राज्य की रक्षा कर अंग्रेज अधिकारी वाडिंग्टन को भगाया। शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश परस्ते ने अपने सम्बोधन में रानी अवंती बाई के बलिदान की शौर्यगाथा का वर्णन किया।क्षेत्र के विकास सौगात के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार माना।



## अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन ने मनाया उपाध्यक्ष का जन्मदिन

अखिल भारतीय रविदासया धर्म संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष, सेवादार व सामाजिक कार्यकर्ता अतर सिंह भारतीय का भोपाल के प्रदेश कार्यालय में जन्मदिन मनाया गया। इस शुभ अवसर पर राष्ट्र, मध्य प्रदेश के समस्त पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष परम पूज्य स्वामी सुखदेव जी महाराज, प्रदेश प्रचारक पूज्य संत राधा कृष्ण दास, प्रदेश अध्यक्ष श्री माधव सिंह अहिरवार जी की ओर से श्री भारतीय को जन्मदिन पर साल भेंट कर, फूल माला पहना कर मनाया गया। उपस्थित सभी लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दीं। उज्जवल भविष्य की अरदास की। उक्त मौके पर अध्यक्ष ने बताया कि शीघ्र ही रायसेन जिले में अमृतवाणी संदेश यात्रा संपूर्ण रायसेन जिले में निकाली जाएगी। जिससे सतगुरु रविदास जी महाराज की वाणी गांव - गांव और घर - घर पहुंचेगी।




स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)